# राममंदिर में पांच जून को राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा

## अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण पांच जून तक पूरा हो जाएगा

**नई दिल्ली।ए।** श्री राम जन्मभूमि निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा का कहना है कि अयोध्या में प्रतिष्ठित राम मंदिर का निर्माण पांच जून तक पूरा हो जाएगा और तीन जून से शुरू होने वाले समारोह में 'राम दरबार' की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। श्री मिश्रा ने कहा कि आंतरिक सूचों में राज्य या केंद्र के विशिष्ट लोग शामिल नहीं होंगे। मिश्रा ने बताया कि पांच जून के समारोह के एक सप्ताह के भीतर मंदिर के नए हिस्से को जनता के लिए खोल दिए जाने की उम्मीद है। मिश्रा ने बुधवार को 'पीटीआई भाषा' के साथ साक्षात्कार के दौरान कहा कि 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह पांच जून को होगा और इसके बेहद भव्य होने की उम्मीद है, लेकिन इस बार अतिथियों की सूची भिन्न हो सकती है। पिछले वर्ष 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में एक समारोह में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। मिश्रा ने कहा, 'राम दरबार की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा पांच जून को होगी... अनुष्ठान तीन जून से शुरू हो जायेंगे। इसके अलावा परिसर में सात अन्य मंदिर भी बनाए गए हैं और उन मंदिरों के लिए भी धार्मिक अनुष्ठान उसी दिन किए जाएंगे।'

# खट्टर या प्रधान को मिल सकती है भाजपा की कमान?

## एक महीने के भीतर पार्टी को नया अध्यक्ष मिलने की चर्चा, भाजपा के अंदरखाने में हलचल शुरू

**नवभारत नेशनल ब्यूरो। नई दिल्ली।**

सत्ता के गलियारे में एक बार फिर भाजपा के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर चर्चा तेज हो गई है। कहा जा रहा है कि एक महीने के भीतर पार्टी को नया अध्यक्ष मिल जाएगा। भाजपा सूत्रों का कहना है कि पार्टी में अंदरखाने बैठकों का दौर जारी है। इस दौरान जिन दो नामों पर सबसे अधिक चर्चा हो रही है। वह नाम है केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और धर्मेंद्र प्रधान की। कहा जा रहा है कि इन्हीं दोनों नेताओं में से किसी एक को भाजपा की कमान सौंपी जाएगी। इस मसले पर जल्द ही भाजपा का शीर्ष नेतृत्व फैसला लेगा। आने वाले दिनों में खुद प्रधानमंत्री मोदी

पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर चर्चा करेंगे।

सूत्रों कहना है कि आपरेशन सिंदूर की वजह से अटकी भाजपा संगठन चुनावों की प्रक्रिया भी जल्द वापस चालू होने वाली है। इसमें कई बड़े राज्यों के अध्यक्षों का भी फैसला होना है। सूत्रों का कहना है कि भाजपा की ओर से संघ परिवार को अध्यक्ष पद के लिए कुछ नामों की एक सूची भेजी गई थी। इस सूची में खट्टर और प्रधान का भी नाम था। संघ परिवार ने इन दोनों नामों पर सकारात्मक रुख अख्तियार किया है। ऐसे में माना जा रहा है कि अब जिन नाम पर प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सहमति देंगे वही भाजपा का का अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेगा।जानकारों का कहना है कि अगर शाह ने यह निर्णय पीएम मोदी पर छोड़ा तो वह मनोहर लाल खट्टर पर सहमति दे सकते हैं। पीएम मोदी और खट्टर दोनों साथ काम कर चुके हैं।

### खट्टर कैंप चाहता है युवा चेहरा

हालांकि खट्टर कैंप से निकलकर जो संकेत आ रहे हैं, वह यही हैं कि खट्टर किसी युवा को पार्टी की कमान देने के पक्ष में हैं। पर अगर पार्टी आलाकमान का फैसला हुआ, तो उनको मानना होगा। इसी तरह केन्द्रीय मंत्री प्रधान गृह मंत्री शाह के करीबी माने जाते हैं। उन्हें संगठन का व्यापक अनुभव है। ओडिशा विजय के मुख्य सूत्रधार रहे हैं। प्रधान औबीसी समाज से आते हैं। ऐसे में प्रधान हर पैमाने पर फिट बैठ रहे हैं। हालांकि भाजपा अपने फैसलों से हमेशा लोगों को चौंकाती रही है। लिहाजा जब तक किसी एक नाम पर आधिकारिक मुहर न लग जाए कुछ पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता।

## न्यूज डायरी

### केसीआर को कालेश्वरम जांच में पेशी के लिए बुलाया गया

**हैदराबाद। ए।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव ने बुधवार को आरोप लगाया कि कालेश्वरम सिंचाई परियोजना की जांच कर रहे न्यायिक आयोग द्वारा पार्टी अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव (केसीआर) को जारी किया गया नोटिस कांग्रेस सरकार की 'ध्यान भटकाने की तरकीब' है। नालगोंडा में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के विधायक और ठेकेदार खुद मौजूदा सरकार में '20 से 30 प्रतिशत' कमीशन की बात कर रहे हैं।



### रान्या सोना तस्करी : कर्नाटक के गृह मंत्री के संस्थानों पर छापे

**नई दिल्ली/बेंगलुरू।ए।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को अभिनेत्री रान्या राव और अन्य के खिलाफ कथित सोना तस्करी से जुड़े धन शोधन जांच के तहत कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर से जुड़े शैक्षणिक संस्थानों सहित कर्नाटक में 16 स्थानों पर छापेमारी की। छापेमारी हवाला ऑपरेटर और अन्य ऑपरेटर को निशाना बनाकर की गई, जिन्होंने राव के खातों में कथित तौर पर 'फर्जी' वित्तीय लेनदेन किए थे। ईडी सूत्रों ने कहा कि एक शैक्षणिक ट्रस्ट पर संदेह है कि उसने कथित तौर पर एक प्रभावशाली व्यक्ति के निर्देश पर राव के क्रेडिट कार्ड बिल के लिए 40 लाख रुपए का भुगतान किया है।

### मोदी 9000 एचपी इलेक्ट्रिक रेल इंजन का अनावरण करेंगे

**अहमदाबाद।ए।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 मई से शुरू हो रहे अपने दो-दिवसीय गुजरात दौरे के दौरान भारत का पहला 9,000 हॉर्स पावर (एचपी) का लोकोमोटिव इंजन राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी एक रोड शो सहित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

### जजों को चिकित्सा सुविधा: छत्तीसगढ़ के सीएस को भी नोटिस

**नई दिल्ली।ए।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को चिकित्सा सुविधाओं और अन्य भत्तों से संबंधित अपने आदेशों का पालन नहीं करने के लिए छत्तीसगढ़ समेत छह राज्यों के मुख्य सचिवों का अवमानना नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि छत्तीसगढ़, झारखंड, महाराष्ट्र, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और दिल्ली ने 18 फरवरी को जारी निर्देशों का पालन नहीं किया।

# ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भाजपा और कांग्रेस में खुलकर 'जंग'

## पाकिस्तान और आरोप लगा रही कांग्रेस की मानसिकता एक जैसी : भाजपा

### ऑपरेशन को 'मामूली घटना' बताकर खरगे ने किया सेना का अपमान :भाजपा

**नवभारत नेशनल ब्यूरो। नई दिल्ली।**

पाकिस्तान के खिलाफ सेना का ऑपरेशन सिंदूर भले ही स्थगित हो गया है, पर इस मुद्दे पर देश के अंदर अब खुलकर राजनीति शुरू हो गई है। देश के दो बड़े दल भाजपा और कांग्रेस इस मुद्दे पर आमने-सामने हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने बयान में ऑपरेशन सिंदूर को 'मामूली घटना' कह दिया। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सरकार से पूछा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद हमारे वायु सेना के कितने विमानों का नुकसान हुआ। इस मसले पर भाजपा ने कड़ी आपत्ति जताई है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि 'कुछ मुद्दतों पर पाकिस्तान और कांग्रेस की मानसिकता एक जैसी है। युद्ध हारने के बावजूद पाकिस्तान के सेना प्रमुख को फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत किया गया। कांग्रेस में भी लोग चुनाव हारने के बाद 'फील्ड मार्शल' बन जाते हैं।' उन्होंने कहा, '...'इंडिया' गठबंधन ने पाकिस्तान के पॉपुलर फ्रंट की तरह व्यवहार करना शुरू कर दिया है। सिर्फ 'इंडिया अलायंस' नाम रखने से आप दिल से भारतीय नहीं बन जाते।' कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बुधवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अचानक विभिन्न देशों के दौरे के लिए 'बहुदलीय' प्रतिनिधिगंडल भेजने के बारे में सोचा है, ताकि उन कठिन सवालों से ध्यान हटाया जा सके जिनका जवाब देने के लिए उनसे कहा जा रहा है, यद्यपि वैश्विक स्तर पर मोदी की छवि 'खराब' हो गई है।

दरअसल जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में 09 आतंकी ठिकाने ध्वस्त कर दिया था। इस ऑपरेशन को लेकर पहले तो सभी दल एक सुर में नजर आ रहे थे, लेकिन बीते कुछ दिनों से जमकर राजनीति हो रही है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राहुल गांधी ने ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाकर देश की सेनाओं का अपमान किया है। ऐसे में दोनों नेताओं को देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार नहीं है जब कांग्रेस के किसी बड़े नेता ने सेना का अपमान किया है। इससे पहले कांग्रेस नेता सिद्धू पाकिस्तान जाकर वहां के सेनाध्यक्ष को गले मिल चुके हैं।

### मालवीय और गोस्वामी के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो: कांग्रेस

कांग्रेस ने पार्टी और उसके नेता राहुल गांधी के खिलाफ कथित अपमानजनक पोस्ट के लिए शिकायत दर्ज कराये जाने के बाद बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आईटी प्रकोष्ठ प्रमुख अमित मालवीय और पत्रकार अर्णब गोस्वामी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि दोनों के खिलाफ दिल्ली और कर्नाटक सहित देश के विभिन्न हिस्सों में कई शिकायतें दर्ज की गई हैं।

# यूट्यूबर ज्योति दो सालों से पाक के संपर्क में थी : पुलिस

## तीन मोबाइल फोन और एक लैपटॉप की फोरेंसिक जांच हो रही

**चंडीगढ़।ए।** पुलिस ने बुधवार को खुलासा किया कि यूट्यूबर ज्योति मलोत्रा 2023 से एक पाकिस्तानी अधिकारी के संपर्क में थी। इस संबंध में एक सूत्र ने बताया कि जासूसी के संदेह में गिरफ्तार की गई मलोत्रा नवंबर 2023 से पा कि स्ता नी उच्चायोग में कार्यरत कर्मचारी एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश के संपर्क में थी। दानिश को जासूसी में कथित रूप से संलिप्त होने के कारण 13 मई को भारत द्वारा निष्कासित कर दिया गया था। चौधरी के पिता ने बुधवार को कहा, 'मीडिया ट्रायल चल रहा है। हमारा पूरा परिवार मुश्किल दौर से गुजर रहा है। मैं एक बैंक कर्मचारी हूं, लेकिन इस वजह से मैं दफ्तर नहीं जा पा रहा हूं। मैं और उसकी (नवांकुर) मां दोनों ने पिछले दो दिन से खाना नहीं खाया है।' सूत्र ने बताया कि पुलिस ने मलोत्रा के तीन मोबाइल फोन और एक लैपटॉप की फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। राष्ट्रीय अन्वेषण अधिकरण, खुफिया ब्यूरो और रौ-च खुफिया अधिकारियों ने ज्योति से पूछताछ की है। अभी तक पता चला है कि वह पाकिस्तान, चीन, बांग्लादेश और कुछ अन्य देशों की यात्रा कर चुकी है। हिसार निवासी 33 वर्षीय ज्योति यूट्यूब चैनल 'ट्रैवल विद जो' चलाती थी और उसे पिछले सप्ताह न्यू अग्रसेन एक्सटेंशन से गिरफ्तार किया गया था। मलोत्रा उन 12 लोगों में शामिल है, जिन्हें पिछले दो हफ्तों में जासूसी के आरोप में पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है।



### पाकिस्तान उच्चायोग का एक और अफसर निष्कासित

भारत ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग के एक पाकिस्तानी अधिकारी को उसके आधिकारिक दायित्व से इतर गतिविधियों में संलिप्त होने के आरोप में निष्कासित कर दिया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस अधिकारी को भारत छोड़कर जाने के लिए 24 घंटे का समय दिया गया है। भारत ने 13 मई को भी एक पाकिस्तानी अधिकारी को जासूसी में कथित रूप से लिप्त रहने को लेकर निष्कासित कर दिया था।

# महागठबंधन की सरकार बनी तो महिलाओं को हर माह 2,500 रुपए

### बिहार चुनाव से पहले कांग्रेस का बड़ा ऐलान

**पटना। ए।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की प्रमुख अलका लांबा ने बुधवार को घोषणा की कि अगर इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद बिहार में महागठबंधन सत्ता में आता है तो राज्य की महिलाओं को 2,500 रुपये मासिक भत्ता मिलेगा। लांबा ने कहा संवाददाता सम्मेलन के दौरान यह बात किया और 'माई बहन मान' योजना का समर्थन किया जिसकी परिकल्पना उनके गठबंधन सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तेजस्वी यादव ने कुछ महीने पहले की थी। उन्होंने कहा, 'केंद्र और राज्य की राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) सरकारें लोगों, खासकर महिलाओं के कल्याण के बारे में परवाह नहीं करती हैं। लेकिन कांग्रेस और महागठबंधन के मंडल उनके बारे में चिंतित हैं। अगर बिहार में आगामी चुनाव में महागठबंधन सत्ता में आता है, तो राज्य सरकार वंचित वर्गों की महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह प्रदान करेगी।' कांग्रेस नेता ने कहा, 'हम सरकार बनने के तुरंत बाद इस योजना को लागू करेंगे, जैसा कि हमने तेलंगाना, कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में किया था।' लांबा ने कहा कि पार्टी इस योजना के लिए राज्य भर में फॉर्म वितरित करेंगे और गठबंधन सहयोगियों के कार्यकर्ताओं द्वारा पात्र महिलाओं के लिए फॉर्म भरे जाएंगे। पार्टी ने एक मोबाइल नंबर भी जारी किया है जिस पर पात्र महिलाएं पंजीकरण के लिए 'मिस्ड कॉल' दे सकती हैं।

# ओडिशा में सात साल बाद छात्रसंघ के चुनाव होंगे : मंत्री

**भुवनेश्वरr। ए।** ओडिशा सरकार सात साल के अंतराल के बाद इस साल कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्रसंघों के चुनाव कराने की योजना बना रही है। राज्य शिक्षा मंत्री सूर्यवंशी सूरज ने यहां संवाददाताओं से कहा, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पहले वादा किया था कि इस साल छात्रसंघ चुनाव होंगे। उन्होंने कहा कि स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए शैक्षणिक सत्र 15 जुलाई तक शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि दशहरा की छुट्टियों से पहले पहला सेमेस्टर समय से पूरा हो जाए और चुनाव के दौरान छात्रों की पढ़ाई बाधित न हो। अपने विभाग के तहत उच्च शिक्षण संस्थानों में स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले की समय सीमा बढ़ाने पर सूरज ने स्पष्ट किया कि उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद (सीएचएसई), ओडिशा द्वारा कक्षा 12 के परीक्षा परिणामों की घोषणा के बाद छात्रों को दाखिले के लिए गर्मागर्म रागम गिलेना। उन्होंने कहा कि 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को परिणाम प्रकाशित होने के बाद अपनी 'मार्कशीट' अपलोड करने के लिए कम से कम 10 दिन का समय दिया जाएगा।


Godrej Finance Limited
गोदरेज फायनान्स लिमिटेड

सार्वजनिक सूचना

**मुख्य निर्देश के पैराग्राफ 43 के संदर्भ में 'गोदरेज फाइनेंस लिमिटेड' द्वारा सार्वजनिक सूचना - भारतीय रिजर्व बैंक (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी - स्केल आधारित विनियमन) निर्देश, 2023**

**गोदरेज फाइनेंस लिमिटेड** ("कंपनी" या "लीएफएल") कंपनी अधिनियम, 1956 (कॉर्पोरेट पहचान संख्या: U67120MH1992PLC065457) के तहत निगमित एक सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी है और नए भारतीय रिजर्व बैंक (सीओआर, संख्या: 13.00368) के साथ गैर-जमा लेने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी ("एनबीएफसी") के रूप में पंजीकृत है। जीएफएल का पंजीकृत कार्यालय गोदरेज वन, पिरोजशानगर, ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, विक्रोली (ई), मुंबई - 400079, महाराष्ट्र में स्थित है।

यह अधिसूचना दी जाती है कि कंपनी परिचालन कारणों से छत्तीसगढ़ में 7वीं मंजिल करेंसी टावर, डीआईपी रोड, तेली बंध, रायपुर - 492001, स्थित अपने शाखा कार्यालय को इस सूचना की तिथि से 3 महीने की अवधि में मोल्डन ट्रेड सेंटर, न्यू राजेंद्र नगर रायपुर - 492001 छत्तीसगढ़ में दुकान संख्या 11 स्थानांतरित होगी।

सभी ग्राहक प्रश्नों को customercare@godrejcapital.com पर पूछ सकते हैं।

इस संबंध में कोई भी स्पष्टीकरण या पूछताछ इस नोटिस की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में श्री योगेश जैन, मुख्य अनुपालन अधिकारी या gfl.compliance@godrejfinance.com पर की जा सकती हैं।

एसडी/-
**गोदरेज फाइनेंस लिमिटेड की ओर से**

स्थान: मुंबई
दिनांक: 22.05.2025


# राम पथ, भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ के बाद अब अयोध्या में बनेगा भरत पथ

## देश-विदेश से लाखों लोग रोजाना रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या पहुंच रहे

**अयोध्या। ए।** अयोध्या में राम पथ, भक्ति पथ और जन्मभूमि पथ के बाद अब अयोध्या में भरत पथ का निर्माण प्रस्तावित है। यह नया मार्ग भगवान राम के छोटे भाई और तपस्वी भरत की तपोस्थली भरतकुंड को तीर्थ स्थल से जोड़ेगा, जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन-पूजन में और अधिक सुविधा मिलेगी। एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गयी। इस परियोजना की अनुमानित लागत 900 करोड़ रुपये है और इसका प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग ने मुख्यालय को भेज दिया है। यह मार्ग न केवल धार्मिक महत्व को बढ़ाएगा, बल्कि अयोध्या को विश्वस्तरीय धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में और सशक्त करेगा। एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या को वैश्विक धार्मिक और सांस्कृतिक नगरी के रूप में विकसित करने का कार्य तेजी से चल रहा है। राम मंदिर के निर्माण के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। देश-विदेश से लाखों लोग रोजाना रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या पहुंच रहे हैं। इस बढ़ती हुई भीड़ को सुगम और सुरक्षित यातायात सुविधाएं प्रदान करने के लिए सरकार कई मार्गों का निर्माण और चौड़ीकरण कर रही है। राम पथ, भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ, और अब भरत पथ के अलावा पंचकोसी और चौदहकोसी परिक्रमा मार्गों के भी चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। भरत पथ की कुल लंबाई 20 किलोमीटर होगी। यह मार्ग राम पथ के किनारे रानोपली रेलवे क्रॉसिंग से शुरू होकर विद्याकुंड और दर्शननगर होते हुए प्रयागराज राजमार्ग पर भरतकुंड तक जाएगा। वर्तमान में यह मार्ग दो-लेन का है। सड़क के दोनों तरफ 9-9 मीटर चौड़ाई होगी और बीच में 2.5 मीटर का डिवाइडर बनाया जाएगा।

### भरतकुंड का रामायण में विशेष स्थान

भरतकुंड का रामायण में विशेष स्थान है। ऐसी मान्यता है कि भगवान राम के वनवास के दौरान उनके अनुज भरत ने यहीं 14 वर्षों तक तपस्या की थी। राम के वनवास से लौटने पर उन्होंने यहीं अपने पिता राजा दशरथ का पिंडदान किया था। इस स्थल पर एक पौराणिक सरोवर भी है, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र है। पूर्वांचल और प्रयागराज से आने वाले श्रद्धालु इस पवित्र स्थल पर दर्शन-पूजन के लिए विशेष रूप से आते हैं।


यूको बैंक UCO BANK
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
उन्नत प्रौद्योगिकी Partners You Trust

**सिविक सेंटर, भिलाई शाखा (छ.ग.)**

**मांग सूचना**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत**

| ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता | प्रकार बकाया ऋण | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **मेसर्स श्रीराम ट्रेडर्स, पता- 1, कार्यालय/गोदाम: एकता चौक, कैलाश नगर, भिलाई।** **पता- 2, पंजीकृत पता:** एद्यबी कॉलोनी, जेल्टेक्वार सदन, वार्ड नं. 15, भारती विद्यालय के पास, कुम्हारी, दुर्ग, छत्तीसगढ़- 490042, **पार्टनर- 1. सुश्री प्रयाग कांसेरवरी शरण्या**, मकान नं.- 3459, वार्ड नं. 15, इंदिरा धारा, न्यू पुलिस स्टेशन के पास, भिलाई- 3, दुर्ग, छत्तीसगढ़-490021, **पार्टनर- 2. श्री व ही शशांक**, एद्यबी कॉलोनी, जेल्टेक्वार सदन, वार्ड नं. 15, भारती विद्यालय के पास, कुम्हारी, दुर्ग, छत्तीसगढ़-490042, **गारंटर- 1. सुश्री प्रयाग कांसेरवरी शरण्या**, मकान नं.-3459, वार्ड नं. 15, इंदिरा धारा, न्यू पुलिस स्टेशन के पास, भिलाई-3, दुर्ग, छत्तीसगढ़-490021, **गारंटर- 2. श्री व ही शशांक**, एद्यबी कॉलोनी, जेल्टेक्वार सदन, वार्ड नं. 15, भारती विद्यालय के पास, कुम्हारी, दुर्ग, छत्तीसगढ़-490042, **गारंटर- 3. श्री ए एस राकेश कुमार**, एद्यबी कॉलोनी, जेल्टेक्वार सदन, वार्ड नं. 15, भारती विद्यालय के पास, कुम्हारी, दुर्ग, छत्तीसगढ़- 490042, **गारंटर- 4. श्री पी.वी.इस.इस.रवींद्र**, मकान नं.-3459, वार्ड नं. 15, इंदिरा धारा, न्यू पुलिस स्टेशन के पास, भिलाई-3, दुर्ग, छत्तीसगढ़-490021. | **बकाया ऋण** **CASH CREDIT** **₹ 40,00,000.00** कुल देय धनराशि **₹ 25,22,914.85** + ब्याज एनपीए तिथि **31.03.2025** | भूमि एवं भवन: प्लाट नं. डी/5-ए, खसरा नं. **359/98**, प.ह.नं- **46/53**, मौजा- कुम्हारी, आरआईसी- अहिवारा, तहसील- धमधा, जिला- दुर्ग, छ.ग., क्षेत्रफल- **2500** वर्ग फीट में निर्मित आवासीय भवन। **भूमि की चौहद्दी: उत्तर-** श्रीमती शांति देवी श्रीवास्तव की भूमि, **दक्षिण-** विक्रेता की बचत भूमि, **पूर्व-** 5 फीट गली, **पश्चिम-** 20 फीट सड़क। |

उपर्युक्त उल्लेखित उधारकर्ता ने उपरोक्त वर्णित राशि को बंधक रखकर **यूको बैंक, सिविक सेंटर शाखा, भिलाई** से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने में असफल हो चुके हैं। यूको बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस दिनांकित (**ऊपर उल्लेखित अनुसार**) एनपीए की तिथि अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था जो बिना सुपूर्दगी के वापस लौट गया है। जिसके पश्चात् यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि ब्याज सह (**सविदात्मक दर**), लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें यह करने पर निम्नलिखित बंधक संपत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया रकम की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी। क्रपी एवं जमानतदार संपत्ति स्वामी का ध्यान विशेष अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

**दिनांक: 21.05.2025, स्थान: भिलाई (छ.ग.)** **प्राधिकृत अधिकारी/ यूको बैंक**



**प्रपत्र-G**

**रायपुर में स्टील उद्योग में संचालित गोयल एनर्जी एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड के लिये अभिरुचि की अभिव्यक्ति के लिये आमंत्रण**

(*भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिये दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम 2016 के विनियम 36A के उप-विनियम (1) के अंतर्गत*)

| अनु क्र. | प्रासंगिक विवरण | |
|---|---|---|
| 1. | कार्पोरेट देनदार का नाम, PAN या CIN/ LLP नंबर | सेंसर एनर्जी एंड इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड CIN- U04010CT2004PTC017211 PAN- AACCG2758E |
| 2. | परिचालन कार्यालय का पता | तेल हाउस, 2, रायपाथा, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन- 492001 |
| 3. | वेबसाइट का URL | लागू नहीं |
| 4. | उस समय का विवरण जहां अभिरुचि आमंत्रित हो | चुनिंदा नं. 1 - आन- प्रोसेसिंग, वीर नारायण नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़, चुनिंदा नं. 2 - आन- बोलाइन, गारमीलिया, रायपुर, छत्तीसगढ़ चुनिंदा नं. 3 - आन- स्क्वाइन, प्लाट- 36/A, सेक्टर नगर, भिलाई, रायपुर, छत्तीसगढ़ |
| 5. | मुख्य उत्पादों/ सेवाओं की स्थापित क्षमता | आवेदी को उपलब्ध कराई गई जानकारीके अनुसार, कार्पोरेट देनदार विभिन्न एवं रोलिंग उत्पादों के उत्पादन में रत है।इस का अवरत विवरण इस प्रकार है : |
| | | **दिहाड़ियां** / **वार्षिक क्षमता** |
| | | MS इनगट्स/बिलेट्स 1,50,000 MTPA |
| | | रोलिंग उत्पाद 1,21,000 MTPA |
| | | फोर्जिंग 30,000 MTPA |
| | | हालांकि, कार्पोरेट देनदार पिछले तीन वर्षों से परिचालन में नहीं है. |
| 6. | पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/ सेवाओं की मात्रा एवं मूल्य | वित्त वर्ष 2023-24 के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण के अनुसार चावल- NIL मूल्य- कुल राजस्व- NIL |
| 7. | कर्मचारियों/ श्रमबल की संख्या | NIL (RP को उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार) |
| 8. | पिछले दो वर्षों के उपलब्ध वित्तीय विवरण वाहित अनुपालनपत्र (अनुसूचियों के साथ), लेनदारों की सूची URL में उपलब्ध है. | cirp.goyalenergy@gmail.com पर हस्ताक्षर करके जानकारी प्राप्त कर सकते हैं. |
| 9. | एनएआरए आवेदकों के लिये पात्रता, शर्तों की फार्म 25(2) (H) के अंतर्गत URL पर उपलब्ध है. | cirp.goyalenergy@gmail.com पर ई-मेल करके जानकारी प्राप्त किये जा सकते हैं. |
| 10. | क्रपी की अभिरुचि प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 06.06.2025 |
| 11. | संभावित समाधान आवेदकों की अस्थाई सूची जारी होने की तिथि | 11.06.2025 |
| 12. | अस्थाई सूची पर आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 16.06.2025 |
| 13. | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | 18.06.2025 |
| 14. | संभावित समाधान आवेदकों समाधान योजनाओं के लिये जानकारी, ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स एवं अनुरोध पत्री करने की तिथि | 23.06.2025 |
| 15. | समाधान योजना जमा करने की अंतिम तिथि | 23.07.2025 |
| 16. | क्रपी की अभिरुचि जमा करने के लिये ई-मेल आईडी प्रोवाइड करें | cirp.goyalenergy@gmail.com |
| 17. | MSME के रूप में कार्पोरेट देनदार के पंजीयन की स्थिति | RP को उपलब्ध नहीं कराया गया है. |

**नोट :** वर्तमान समय-सीमा के अनुसार, CIRP अवधि के 270वें दिन, 15.07.2025 को समाप्त होता है. उपर उल्लेखित समय-सीमा को माननीय NCLT द्वारा और आगे बढ़ाया जा सकता है.

हस्ताक्षरित/- अशोक अरुण कुमार राठी
**गोयल एनर्जी एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड का समाधान पेशेवर**
**IP पंजीयन क्रमांक- IBBI/IPA-001/IP-P00568/2017-18/11010**
**AFA प्रमाण पत्र संख्या- AAA/1101000/311225/107783**
**IRAI के साथ पंजीकृत प्रमाण पत्र ई-मेल ID- अशिकम ले -RL-508**
**महावीर आइकन, फ्लाट नं. 69, सेक्टर 15, CBD**
**बेलापुर, नवी मुम्बई, महाराष्ट्र, 400614**
**ipashishkarthi@gmail.com**

दिनांक : 22.05.2025
स्थान : नवी मुम्बई


# पेटीएम के सीईओ से ही घोटालेबाज ने खुद को बताया कंपनी का सीईओ

### पेटीएम के संस्थापक विजय शेखर शर्मा के साथ वॉट्सएप स्कैम की कोशिश

**नई दिल्ली। ए।** ऑनलाइन भुगतान मंच पेटीएम के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा ने एक कथित घोटालेबाज के साथ मजाकिया बातचीत के स्क्रीनशॉट शेयर किए हैं, जिसने कंपनी के कोष से जुड़ी संवेदनशील जानकारी पाने के लिए उनका नाम बदलकर ठगने की कोशिश की थी।

शर्मा ने सोशल मीडिया पर लिखी एक पोस्ट में वॉट्सएप संदेशों की समूची श्रृंखला का खुलासा किया, जिसमें धोखेबाज ने खुद को विजय शेखर शर्मा के रूप में पेश किया और उनसे अपना 'नया' फोन नंबर सेव करने के लिए कहा। असली और नकली शर्मा की इस दिलचस्प भिड़ंत ने जहां सोशल मीडिया पर कई लोगों को हंसने के लिए मजबूर किया वहीं इसने डिजिटल दुनिया के स्याह पक्ष को भी उजागर किया। इस मामले ने अनजान व्यक्तियों को परिष्कृत चालबाजियों, उन्नत तकनीकों, नकली प्रोफाइल, संदिग्ध लिंक और दूरंग का रूप लेकर घोटालेबाजों द्वारा निशाना बनाए जाने की तरफ ध्यान आकृष्ट किया है।


**जना स्माल फाइनेंस बैंक**
(एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक)

**SARFAESI Act, 2002 की धारा 13(2) के अन्तर्गत डिमांड नोटिस**

जैसा कि आपने यांत्रिक नीचे उल्लेखित कर